**खबर संक्षेप**

## उधार आइसक्रीम नहीं देने पर युवक ने तलवार से किया हमला

**सतना।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के राजेन्द्र नगर इलाके में बीती रात एक आइसक्रीम पार्लर में उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक युवक हाथों में नंगी तलवार लेकर दुकान के काउंटर तक पहुंच गया और हमला कर दिया। घटना गली नंबर 10 स्थित आइसक्रीम दुकान की है,जहां दुकान संचालक अभिनव शुक्ला ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के अनुसार,आरोपी युवक अभिषेक सिंह गहरवार,जो पूर्व में करीब 800 की आइसक्रीम उधार ले जा चुका था,मंगलवार देर रात दुकान पर पहुंचा और फिर से उधार में आइसक्रीम और शराब पीने के लिए पैसे की मांग करने लगा। जब संचालक ने इनकार किया तो आरोपी तलवार लहराते हुए काउंटर पर चढ़ गया और वहां मौजूद अभिनव शुक्ला पर तलवार से कई बार वार किया। गनीमत रही कि इस हमले में कोई जानमाल की हानि नहीं हुई और अभिनव शुक्ला सुरक्षित बच गए। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हुई है,जिसमें स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि आरोपी युवक नंगी तलवार लेकर दुकान के अंदर घुसता है और काउंटर पर हमला करता है। कोतवाली थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी अभिषेक सिंह की तलाश में जुट गई है।

### विकास को लेकर भेदभाव करने का गंभीर आरोप

# नगर निगम परिषद की बैठक में हंगामा, भाजपा पार्षद धरने पर बैठीं

सतना। नगर पालिका निगम कार्यालय में बुधवार को संपन्न हुई परिषद की बैठक में जबरदस्त हंगामा हुआ। हालत तब बिगड़ गए जब भारतीय जनता पार्टी की महिला पार्षद ने वादा नहीं निभाने पर धरना दे दिया। इस दौरान काम को लेकर भेदभाव करने का भी गंभीर आरोप लगाया गया। बैठक में इस बात को लेकर भी नाराजगी व्यक्त की गई थी कि बैठक में ले गए एजेंडा महत्वपूर्ण मुद्दों पर आधारित नहीं है।

पूरी बैठक हंगामा की भेंट चढ़ गई,लेकिन बाद में कार्यवाही सतत चलती रही। बैठक यहां पर कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित की गई थी। बैठक में कांग्रेस के सभी विपक्षी पार्षद अनुपस्थित रहे। वहीं सत्तापक्ष और निर्दलीय पार्षदों के बीच विकास कार्यों को लेकर तीखी बहस और विरोध देखने को मिला। इसी बीच एक महिला पार्षद बैठक स्थल पर धरने पर बैठ गईं। वार्ड-1 की निर्दलीय पार्षद मीना माधव ने अपने वार्ड में विकास कार्यों में भेदभाव का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बैठक का एजेंडा सिर्फ नामकरण तक सीमित कर दिया गया है। अध्यक्ष उमेश चतुर्वेदी ने उन्हें एजेंडे पर बात करने को कहा,जिस पर सत्तापक्ष के पार्षदों से तीखी बहस हो गई। करीब आधे घंटे तक हंगामा चलता रहा, फिर मामला शांत हुआ।



### धरने पर बैठी भाजपा पार्षद

वार्ड-44 की भाजपा पार्षद अर्चना गुप्ता ने अपने वार्ड के लंबित कामों की सूची लेकर अध्यक्ष की आसंदी तक पहुंचकर विरोध जताया। उन्होंने कहा कि भाजपा में शामिल होते समय किए गए वादे पूरे नहीं हुए। नाराज होकर वह बैठक स्थल पर धरने पर बैठ गईं। महापौर योगेश ताम्रकार ने समझाइश दी,जिसके बाद वह अपने स्थान पर लौट आईं।



### स्ट्रीट लाइट चाइना मेड

वार्ड-3 के पार्षद अभिषेक तिवारी ने स्ट्रीट लाइट की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए उन्हें 'चाइना मेड' बताया। इस पर अध्यक्ष ने तीन पार्षदों की जांच समिति बनाने की घोषणा की। अभिषेक तिवारी ने तालाबों के संरक्षण का मुद्दा भी उठाया।

### कई इलाकों के नाम बदलने का प्रस्ताव पारित

बैठक में कई जगहों के नाम बदलने के प्रस्ताव पारित किए गए। हवाई अड्डा तिराहा अब सहस्त्रबाहु तिराहा कहलाएगा। कोलगवां गली नं.1,2 और 3 का नाम स्व.लक्ष्मी यादव के नाम पर होगी। वार्ड क्रमांक 16 का नाम अंबेडकर नगर होगा। मैत्री पार्क से उतैली की ओर जाने वाली सड़क का नाम नेताजी दयानंद कुशवाह के नाम जानी जाएगी। टिकुरिया टोला टंकी चौराहा का नाम महर्षि कश्यप ऋषि के नाम पर होगा। पुष्पराज कॉलोनी का पुष्कर्णी पार्क अब आचार्य दिगंबर उद्यान कहलाएगा। नगर निगम की अगली बैठक में इन प्रस्तावों के क्रियान्वयन को लेकर निर्णय लिया जा सकता है।

## सतना के पर्वतारोही का नेपाल सरकार ने किया सम्मान

**सतना।** सतना के पर्वतारोही और विक्रम अवॉर्ड से सम्मानित रत्नेश पांडेय को नेपाल सरकार ने सम्मानित किया है। उन्हें यह सम्मान पर्यटन, संस्कृति एवं नागरिक उड्डयन मंत्री बद्री प्रसाद पांडेय ने काठमांडू में आयोजित अंतरराष्ट्रीय समारोह में प्रदान किया। यह समारोह 29 मई को 'एवरेस्ट समिटर्स समिट' के अवसर पर हुआ। जिसमें दुनिया भर से 100 से ज्यादा एवरेस्ट विजेता शामिल हुए। रत्नेश के साथ सतना के ही एक अन्य पर्वतारोही आशीष सिंह को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर नेपाल, भारत, चीन, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, सिंगापुर, फिलीपींस, फिलीस्तीन और यूनाइटेड किंगडम के पर्वतारोहियों को नेपाल सरकार ने प्रशंसा-पत्र देकर सम्मानित किया।



स्वच्छता अभियान से भी जुड़े हैं रत्नेश रत्नेश पांडेय सतना स्मार्ट सिटी के स्वच्छता अभियान के ब्रांड एंबेसडर भी हैं। उन्होंने एवरेस्ट पर भारतीय ध्वज फहराकर न सिर्फ शहर बल्कि देश का नाम रोशन किया है। एवरेस्ट दिवस हर साल 29 मई को मनाया जाता है। यह दिन 1953 में सर एडमंड हिलारी (न्यूजीलैंड) और तेनजिंग नोर्गे (नेपाल) द्वारा पहली बार एवरेस्ट फतह करने की स्मृति में मनाया जाता है।

## व्यापारियों ने एसपी को सौंपा ज्ञापन



**सतना।** विंध्य फल एवं गांधी सब्जी बाजार के अध्यक्ष रामप्रताप कुशवाहा (लाला),रामदुलारे कुशवाहा,संतोष कछवाह,सुमित सेवानी,रबी कछवाह ने बिध्य चेंबर अध्यक्ष सतीष सुखीजा,महामंत्री संदीप जैन,एवं पूर्व नगर निगम स्पीकर अनिल जायसवाल,तथा गल्लामंडी फल यूनियन के अध्यक्ष सेवकराम,के साथ पिछले दिनों गांधी सब्जी बाजार के खरबूजा व्यापारी आकाश तनय रूपचंद सेवानी के बैग चोरी की घटना के संबंध में कोलगवां थाना पुलिस द्वारा संतोषजनक कार्रवाई न किए जाने के कारण बिध्य चेंबर एवं गांधी सब्जी बाजार का संयुक्त प्रतिनिधिमंडल पुलिस अधीक्षक से मिलकर  कार्रवाई की मांग की। पुलिस अधीक्षक ने पूर्ण कार्यवाही का आश्वासन दिया है।






## विश्व पर्यावरण दिवस पर विशेष

### युनिवर्सल केबिल्स में पर्यावरण एवं जल संरक्षण

विंध्य क्षेत्र के प्रमुख औद्योगिक संस्थान युनिवर्सल केबिल्स लिमिटेड की स्थापना सतना में एम.पी. बिरला उद्योग समूह द्वारा सन 1964 में की गई थी । आज यह देश के सबसे बड़े केबिल एवं कैपेसिटर उत्पादक संस्थान के रूप में जाना जाता है । इस संस्थान में निर्मित होने वाले "युनिस्टार" ब्रांड के केबिल्स एवं कैपेसिटर गुणवत्ता में पूरे देश में सर्वाधिक लोकप्रिय हैं । युनिवर्सल केबिल्स को इन्टीग्रेटेड मैनेजमेन्ट सिस्टम (आईएमएस) के तहत आईएसओ- 9001, आईएसओ 14001 तथा आईएसओ

45001 ब्यूरो वेरीटास प्रमाण पत्र प्राप्त हैं । युनिवर्सल केबिल्स लिमिटेड में जितनी तरह के केबिल बनाये जा रहे हैं उतने भारत के किसी भी केबिल फैक्ट्री में नही बन रहे हैं ।

### पर्यावरण एवं जल संरक्षण तथा संवर्धन पर जोर

वर्तमान समय में तेजी से बढ़ रहे प्रदूषण एवं जल की कमी चिन्ता का विषय बनी हुई है। पर्यावरण के साथ ही जल संरक्षण तथा संवर्धन आने वाले समय के लिये महत्वपूण है। युनिवर्सल केबिल्स अपने स्थापना काल से ही पर्यावरण संरक्षण के लिये जागरूक रहा है । प्रतिवर्ष इस संस्थान में वषार्काल में वृहदरूप से वृक्षारोपण हेतु वन महोत्सव का आयोजन किया जाता है, नये पौधे लगाने के साथ ही उनकी देखभाल और सुरक्षा का विशेष ध्यान दिया जाता है । युनिवर्सल केबिल्स लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सी.ई.ओ. श्री वाई.एस. लोढ़ा जी का इस ओर विशेष लगाव है, इसी के परिणाम स्वरूप इस संस्थान के परिसर में वृक्षों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है । इस समय हमारे संस्थान में नीम के 8800 वृक्ष है इसके साथ काफी मात्रा में पीपल एवं वट वृक्ष भी है अत: यहा का वातावरण काफी शुद्ध रहता है ।

'अश्वत्थमेकम् पिचुमन्दमेकम्'
'न्यग्रोधमेकम् दश चिंचणीकान् ।'
'कपित्थबिल्वो मलकत्रयेच' 'पाचोम्रमुप्तवा नरकन्न पश्येत् ।।'

अश्वत्थ: = पीपल (100% कार्बन डाइआक्साइड सोखता है) पिचुमन्द: = नीम ( 80% कार्बन डाइआक्साइड सोखता है ) न्यग्रोध:= वटवृक्ष ( 80% कार्बन डाइआक्साइड = सोखता है) चिंचिणी = इमली (80% कार्बन डाइआक्साइड सोखता है) कपित्थ: = कविट (80% कार्बन डाइआक्साइड सोखता है) बिल्व: = बेल ( 85% कार्बन डाइआक्साइड सोखता है) आमलक: = आवला (74% कार्बन डाइआक्साइड सोखता है) आम्र: = आम (70% कार्बन डाइआक्साइड सोखता है ) ( उप्ति पौधा लगाना ) अर्थात जो कोई इन वृक्षों के पौधों का रोपण करेगा, उनकी देखभाल करेगा उसे नरक के दर्शन नहीं करना पड़ेंगे। वर्तमान समय में पानी का संकट जिले के साथ ही पूरे प्रदेश में नजर आ रहा है। साल दर साल वर्षा कम हो रही है जिसके चलते भूमिगत जल स्तर में कमी आ गई है । नदी नाले कुँए सूखने लगे हैं शहर एवं गांवो में लगे ट्यूबवेल से पानी नही निकल रहा। ऐसी स्थिति में यदि जल का संरक्षण संवर्धन नही किया गया तो आने वाला समय विस्फोटक होगा । इस दिशा में भी युनिवर्सल केबिल्स काफी पहले से जागरूक है । वर्षा जल संरक्षण हेतु इस संस्थान के परिसर के कई स्थानों में सोकपिट बनाये गये हैं जिससे कि भूमिगत पानी का संवर्धन किया जा सके, इतना ही नही वर्षा के जल को व्यर्थ न बहने दिया जाय इसके लिये परिसर में निर्मित छोटी बड़ी नालियों के माध्यम से वर्षा के जल को संस्थान में निर्मित तालाब में एकत्र किया जा रहा है । कारखानों के भवन की छतों के बरसात के पानी को पाईप के माध्यम से एकत्र किया जाकर उसे कुओं में डाला जा रहा है। जबकि रहायशी मकानों की छतों का पानी सोकपिट में पहुँचाया जा रहा है । इसके अलावा पानी की बचत हेतु इस संस्थान द्वारा फैक्ट्री एवं रहायशी भवनों का निस्तार का पानी नालियों के माध्यम से एकत्र कर उसे पुन: उपयोगी बनाने के लिये सीवरेज ट्रीटमेंट प्लान्ट स्थापित किया गया है, जिसके जरिये हम अनुपयोगी पानी को पुन: उपयोगी बनाकर पर्यावरण संरक्षण हेतु पेड़ पौधों के लिये प्रयोग में ला रहे है । इस प्रकार यह संस्थान पर्यावरण संरक्षण के साथ ही जल संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में भी अपना योगदान दे रहा है ।

### राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार

विंध्य क्षेत्र के प्रमुख औद्योगिक संस्थान युनिवर्सल केबिल्स लिमिटेड को भारत सरकार के केन्द्रीय श्रम मंत्रालय द्वारा सन 1982 से लगातार राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार प्रदान किया जा रहा है। अभी तक इस संस्थान को अनेको राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार प्रदान किये जा चुके है।

### संस्थान में आयोजन

संस्थान में पर्यावरण के लिए जीवन शैली पहल पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में संस्थान के कर्मचारी एवं श्रमिक बंधु के बच्चों एवं महिलाओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में पर्यावरण सुरक्षा एवं संरक्षण के प्रति जागरूकता के लिये ट्रेनिंग, वीडियो फिल्म द्वारा संदेश के माध्यम से पर्यावरण के संरक्षण पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम के समापन पर पर्यावरण संरक्षण की शपथ के उपरांत फलदार वृक्षों का वृक्षारोपण किया गया । युनिवर्सल केबिल्स लिमिटेड परिवार पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास हेतु प्रतिबद्ध है ।

* * * * *

## सूत्र सेवा बस में नॉन एसी में एसी का किराए की वसूली

### कंडक्टर ने 2 लोगों को बीच रास्ते में उतारा

**सतना।** सतना से रीवा जा रही सूत्र सेवा बस में यात्रियों के साथ मनमानी का मामला बुधवार को सामने आया है। बस नंबर एमपी 17 पी 2311 में एसी बंद होने के बावजूद यात्रियों से एसी बस का किराया वसूला गया। कंडक्टर से सवाल करने पर 2 यात्रियों को बीच रास्ते पर उतार दिया। नॉन एसी का किराया 80 रुपए होने के बावजूद सभी यात्रियों से 100 रुपए वसूले गए। एक महिला यात्री ने जब इस बारे में कंडक्टर से सवाल किया तो उसने अभद्रता की गई। सतना की नई बस्ती निवासी सचिन सेन और महिला यात्री को महुरछ के पास बीच रास्ते ही उतार दिया गया। पीड़ित यात्री ने इस घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर किया है।


### ड्राइवर-कंडक्टर पर यात्रियों से दुर्व्यवहार करने का आरोप


यात्रियों का आरोप है कि सूत्र सेवा में तैनात कई ड्राइवर और कंडक्टर आम यात्रियों के साथ दुर्व्यवहार करते हैं। प्रशासन की लापरवाही के कारण इन कर्मचारियों को खुली छूट मिल गई है।

## प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक आयोजित



**सतना।** लिपिक वर्गीय कर्मचारी संघ के कार्यालय में प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ पुर्नगठन अधिनियम की धारा 49 परिशिष्ट 6 को समाप्त करने हेतु श्रीमती प्रतिमा बागरी राज्य मंत्री मध्य प्रदेश शासन के सतना प्रवास के दौरान ज्ञापन सौपा जाएगा। साथ ही संघ की मासिक बैठक नियमित आयोजित कर सदस्यता अभियान चलाया जाएगा।कार्यकारिणी का गठनकर संघ को मजबूत किया जाएगा।बैठक की अध्यक्षता राजाराम गर्ग द्वारा की गई।

## खबर संक्षेप

### विश्व पर्यावरण दिवस पर ग्राम पंचायत दिया में होगा सम्मान समारोह का आयोजन



**पन्ना।** पन्ना जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत दिया के पंचायत भवन में 5 जून 2025 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह शामिल होंगे। इस अवसर पर (10 वीं,12 वीं) की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों, पौधारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य करने वालों, जैविक खेती करने वाले किसानों, पारंपरिक गायक, पूर्व जनप्रतिनिधि, साहसी बालिका, वर्तमान में चयनित शासकीय कर्मचारी, सर्वश्रेष्ठ बुजुर्ग, समाज सेवी, श्रेष्ठ आगनवाडी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, सर्वश्रेष्ठ माता पिता के सेवक, श्रेष्ठ खिलाड़ी, गौपालक, आपदा के दौरान जीवन बचाने वाले, श्रेष्ठ किसान, सामाजिक धार्मिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य करने वाले दो-दो व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा।

### पन्ना टाइगर रिजर्व अन्तर्गत बाघ पी-243 को उपचार उपरान्त स्वच्छन्द विचरण करने छोड़ा गया



**पन्ना।** पन्ना टाइगर रिजर्व के अन्तर्गत हिनौता परिक्षेत्र में विगत कुछ दिनों से बाघ पी-243 सिर पर चोट का निशान दिखाई देने पर पार्क प्रबंधन द्वारा दिनांक 20.04.2025 को ट्रंकुलाइज किया जाकर बड़गड़ी बाड़े में वन्यप्राणी स्वास्थ्य अधिकारी, पन्ना टाइगर रिजर्व पन्ना की सतत निगरानी एवं उपचार हेतु रखा गया था। बाघ पी-243 के घाव वर्तमान में ठीक होने के उपरान्त दिनांक 03.06.2025 को शाम लगभग 06.00 बजे उप संबालक, पन्ना टाइगर रिजर्व, की उपस्थिति में स्वच्छंद विचरण हेतु बाड़ा खोला गया। जो लगभग 08.00 बजे बाड़े से निकलकर वन क्षेत्र में स्वच्छंद विचरण हेतु चला गया। बाघ की निगरानी हाथियों एवं क्षेत्रीय कर्मचारियो द्वारा की जा रही है। उपरोक्त कार्यवाही उप संचालक के निर्देशन में वन्यप्राणी स्वास्थ्य अधिकारी के तकनीकी मार्गदर्शन में सम्पन्न की गई जिसमें परिक्षेत्र अधिकारी हिनौता, हाथी महावत एवं अन्य क्षेत्रीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पवई थाना परिसर में शांति समिति की बैठक सम्पन्न



**पन्ना।** आगामी ईद पर्व को लेकर पवई थाना परिसर में शांति समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम समीक्षा जैन ने की, जिसमें नायब तहसीलदार कल्दा राजेंद्र श्रीवास्तव, थाना प्रभारी त्रिवेंद्र त्रिवेदी, सीएमओ डॉ. तबस्सुम खान, समाजसेवी एवं मुस्लिम समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।बैठक में मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों ने जानकारी दी कि ईद की नमाज स्थानीय नन्ही पवई स्थित ईदगाह एवं जमा मस्जिद में अदा की जाएगी। अनुमानित रूप से ईदगाह में लगभग 500 एवं जमा मस्जिद में करीब 1000 श्रद्धालु नमाज अदा करेंगे। नमाज का समय प्रातः 8रू30 से 9रू30 बजे तक निर्धारित किया गया है। नमाज के उपरांत श्रद्धालु आसपास के लगभग पाँच कब्रिस्तानों में जायेंगे। थाना प्रभारी त्रिवेंद्र त्रिवेदी ने बैठक में स्पष्ट किया कि क़ुरबानी खुले स्थान पर नहीं की जाएगी। क़ुरबानी केवल प्रशासन द्वारा चिन्हित बंद स्थानों पर ही होगी। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाएगा कि क़ुरबानी के दौरान रक्त नालियों में न बहे ताकि क्षेत्र की स्वच्छता बनी रहे। सीएमओ डॉ. तबस्सुम खान ने मुस्लिम समाज की मांग पर कहा कि ईद के दिन सफाई व्यवस्था विशेष रूप से दुरुस्त की जाएगी। साथ ही, पेयजल आपूर्ति का समय भी बदलते हुए सुबह 7 बजे से सुनिश्चित किया जाएगा।

# पन्ना पुलिस द्वारा धरमपुर थाना क्षेत्र में अवैध रूप से पशुओं का परिवहन करने वाले 2 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

**आरोपियों के कब्जे से पिकप वाहन नम्बर डच15ळ5475 कीमती 05 लाख रुपये एवं वाहन में भरे हुये 06 नग पशु (भैंस, पडा) कीमती 01 लाख 10 हजार कुल कीमती 06 लाख 10 हजार रूपए का किया गया जप्त**

हरिभूमि न्यूज, पन्ना।



पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस. थोटा द्वारा पन्ना जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अवैध रूप से पशुओं/गौवंश का परिवहन करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन में थाना धरमपुर में 02 आरोपी के विरूद्ध अवैध रूप से पशु परिवहन करते पाये जाने पर वैधानिक कार्यवाही करते हुये अपराध पंजीबद्ध किया गया है। थाना प्रभारी धरमपुर को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक पिकप वाहन में कुछ मवेशी पशुओं को क्रूरता पूर्वक भर कर अवैध रूप से परिवाहन कर कालिंजर तरफ से नरैनी की ओर ले जाये जा रहे है। मुखबिर सूचना की तस्दीक हेतु वरिष्ट अध अवगत कराया जाकर शंकर जी मंदिर के पास आम रोड मौकछ पर आने जाने बाले वाहनों को रोक रोक कर चौक किया गया जो इसी दौरान एक पिकप वाहन जिसका रजिस्ट्रेसन नम्बर डच 15 ळ 5475 को चौक किया गया जो वाहन में चालक के अलावा एक अन्य व्यक्ति बगल की सीट में बैठा मिला वाहन को चौक किया जो वाहन में 04 नग भैस एवं 02 नग पडा जिनके पैर रस्सी से बंधे कुरता पूर्वक ठुस ठुस कर भरे हुये पाये गये वाहन चालक एवं बगल में बैठे व्यक्ति का नाम पता पूछा गया जो चालक ने अपना नाम इद्दू खान पिता रफीक खान उम्र 29 साल निवासी बजरिया वार्ड नं. 03 दमोह खास थाना सिटी कोतवाली दमोह जिला दमोह म.प्र. व वगल में बैठे व्यक्ति से नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम नजर अहमद खान पिता समद अहमद खान उम्र 30 साल निवासी बजरिया वार्ड नं. 03 दमोह खास थाना सिटी कोतवाली दमोह जिला दमोह म.प्र. होना बताया। वाहन चालक व अन्य व्यक्ति का कृत्य अपराध धारा 11 (1) (घ) पशु कुरता अधिनियम एवं 66ए/192 मो.व्ही.एक्ट के तहत दण्डनीय अपराध पाये जाने से पिकप वाहन नम्बर डच15ळ 5475 कीमती 5,00,000 रुपये एवं वाहन में भरे हुये 06 नग पशु (भैंस, पडा) कीमती 1,10,000 रुपये को जप्त किया गया।

**नाम पता आरोपी**

1. इद्दू खान पिता रफीक खान उम्र 29 साल निवासी बजरिया वार्ड नं. 03 दमोह खास थाना सिटी कोतवाली दमोह जिला दमोह म.प्र।

2. नजर अहमद खान पिता समद अहमद खान उम्र 30 साल निवासी बजरिया वार्ड नं. 03 दमोह खास थाना सिटी कोतवाली दमोह जिला दमोह म.प्र.।

**जप्त मशरूका** - पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जे से पिकप वाहन नम्बर डच 15 ळ 5475 कीमती 5,00,000 रुपये एवं वाहन में भरे हुये 06 नग पशु (भैंस, पडा) कीमती 1,05,000 रुपये को जप्त किया गया। उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी धरमपुर उनि0 अनिल सिंह चौकी प्रभारी नरदहा एंव स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा है।

# जल्द बीमार पड़ने वाले हैं भगवान

## जगन्नाथ जी के 15 दिन तक नहीं होंगे दर्शन

पन्ना।

आस्था और परंपरा के केंद्र भगवान जगन्नाथ मंदिर से जुड़ी एक महत्वपूर्ण धार्मिक घटना का समय फिर से करीब है. हर वर्ष की तरह इस बार भी भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा जी स्नान पूर्णिमा के बाद बीमार पड़ने वाले हैं. पुरी ही नहीं, देशभर के जगन्नाथ मंदिरों में इस परंपरा का अनुसरण होता है. श्रद्धालु इस अवधि को प्रभु की आरोग्यता की कामना और भक्ति साधना में बिताते हैं. यह विशेष काल "अनवसर" या "अनसर काल" कहलाता है, जो 11 जून 2025 की



स्नान पूर्णिमा के बाद शुरू होगा और लगभग 15 दिनों तक चलेगा।

**आम भक्तों के लिए दर्शन बंद होंगे**

इस दौरान भगवान जगन्नाथ 108 पवित्र जलघटों से स्नान करते हैं, जिसके बाद उन्हें ठंड लगने के कारण ज्वर (बुखार) हो जाता है. इसके बाद वे विश्राम हेतु अपने निज मंदिर में चले जाते हैं और आम भक्तों के लिए दर्शन बंद हो जाते हैं. इस उपचार काल में केवल दैतापति सेवक ही भगवान की सेवा कर सकते हैं. भगवान को आयुर्वेदिक औषधियाँ, विशेष काढ़ा (दशमूल), पंचगव्य, तथा सुपाच्य भोजन दिया जाता है. इस संपूर्ण प्रक्रिया को "निज उपचार" कहा जाता है।

**अनवसर काल के समापन**

भगवान को "नवयौवन रूप" में दर्शन के लिए प्रस्तुत किया जाता है, जिसे "नवयौवन दर्शन" कहा जाता है. इसके अगले दिन, पूरे विश्व की प्रतीक्षा का पर्व रथ यात्रा होती है, जो इस वर्ष 27 जून 2025 (शुक्रवार) को आयोजित होगी।

# अतिथि शिक्षकों को शाला में उपस्थित कराया जाए- जीतेन्द्र गर्ग

हरिभूमि न्यूज, पन्ना।

मध्य प्रदेश अतिथि शिक्षक संघ जिला इकाई पन्ना के पूर्व जिला अध्यक्ष जीतेन्द्र गर्ग ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करके मध्य प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री माननीय डॉ. मोहन यादव जी से समाचार पत्र के माध्यम से मांग की है कि अतिथि शिक्षकों को 2 जून से विद्यालय में उपस्थित कराया जाए। मध्य प्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के आदेश क्र./1/232414/भोपाल दिनांक 08/04/2025 के अनुसार मध्य प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में शिक्षकों का अवकाश 31 मई 2025 को समाप्त हो चुका है। ऐसी स्थिति 2 जून से समस्त शिक्षकों को विद्यालय में उपस्थित कराया जा




चुका है परंतु अतिथि शिक्षक अपना बुलावा आने की राह देख रहे हैं मध्य प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री जी से श्री गर्ग निवेदन करते हैं कि अतिथि शिक्षक भी नियमित शिक्षकों की भांति शिक्षक हैं मध्य प्रदेश का अच्छा परीक्षा परिणाम अतिथि शिक्षकों की ही देन है अतिथि शिक्षकों के कठिन मेहनत एवं परिश्रम से मध्य प्रदेश के सरकारी स्कूलों का परीक्षा परिणाम अच्छा आया है सरकारी स्कूलों का अच्छा परीक्षा परिणाम आया है। अतिथि शिक्षक मई माह में घर में बैठे रहे। अतिथि शिक्षकों के भी बच्चे एवं पत्नी हैं उनको भी अपने भरण पोषण के लिए पैसों की आवश्यकता है। अपना जीवन यापन करने के लिए वे शिक्षक कार्य के अलावा दूसरा कार्य करने में संकोच करते हैं अतः शीघ्र ही अतिथि शिक्षकों की जॉइनिंग करवाई जावे।



# विकसित कृषि संकल्प यात्रा अभियान के तहत किसानों दी जा रही जानकारी

**पन्ना।** विकास खंड अंतर्गत दिनाँक 29/5/25- से 12/6/25 तक आयोजित होने बाली विकसित संकल्प यात्रा अभियान के तहत विकाश खंड की समस्त पंचायतों मे दल बनाकर दो टीमें पंचायत स्तर पर पहुँच रही है. प्रत्येक दल मे कृषि वैज्ञानिक, कृषि विभाग तथा अन्य विभागो के अधिकारी सम्मलित किये गए है. जो पंचायतों मे जाकर किसानो को खरीफ की तैयारी, नवीन वीज किस्मों, विभागीय योजनाओ तथा किसानो की खेती से संबंधित समस्या का निदान कर रहे है. जिसमे मुख्य रूप से कृषि विज्ञानी डॉक्टर हिमांशु, पंकज बगरी राकेश मोर्य एस ए डी ओ पवई निलय सक्सेना गीतांजलि जगत, धर्मेद लोधी, पुष्प राज सिंह, श्याम गर्ग, आकाश चौहान, योगेश दुबे, प्रदीप पटेल, विपिन पटेल, दीपक कुमार, जी के शर्मा, दुष्यंत पटेल तथा स्थानीय जन प्रतिनिधि एवं बडी संख्या मे किसान भाई सहभागिता कर रहे है।

# पन्ना के ऐतिहासिक तालाबों को नहीं मिला जल गंगा संवर्धन अभियान का लाभ

## जिम्मेदारों की उदासीनता से अतिक्रमण व प्रदूषण की चपेट में ऐतिहासिक तालाब





हरिभूमि न्यूज, पन्ना।

मध्य प्रदेश सरकार के मुखिया डॉ मोहन यादव के निर्देश पर संपूर्ण मध्य प्रदेश के तालाब कुआं बावड़ी आदि जल संरचनाओं के स्वच्छता एवं जीर्णोद्धार का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। लेकिन पन्ना नगर के ऐतिहासिक तालाबों तक यह अभियान नहीं पहुंच पाया है। बता दें कि पन्ना नगर में दर्जन भर से अधिक विशालकाय ऐतिहासिक तालाब स्थित है जिनका निर्माण तत्कालीन राजा महाराजाओं के द्वारा करवाया गया था। वर्तमान में नृपत सागर, लोकपाल सागर और धरम सागर तालाब का पानी पन्ना नगर में पीने के लिए सप्लाई किया जाता है इसके अलावा बेनी सागर, मठया तालाब, दहलान ताल, महाराज सागर, रम तलैया, पथरया, कमलाबाई का ताल, सुंदर जू की तलैया, दुबे ताल, मिसर तलैया सहित कई तालाब जल प्रदूषण जलकुंभी एवं अतिक्रमण की चपेट में आ चुके हैं। कई बार इन तालाबों की स्वच्छता और कायाकल्प के लिए योजना तैयार हुई लेकिन काम कुछ नहीं हुआ। जल गंगा संवर्धन अभियान से इन तालाबों को नया रूप मिलने की उम्मीद थी लेकिन पन्ना जिले के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के चलते पन्ना नगर के ऐतिहासिक तालाबों में जल गंगा संवर्धन अभियान कुछ तालाबों में केवल फोटो स्टेशन तक सीमित रहा।

**जल गंगा संवर्धन अभियान से टूटी उम्मीद**

वर्तमान में बेनी सागर तालाब में नाला जुड़ने से 2 बस्तियों की गंदगी तालाब में समाहित हो रही है। जिससे बेनी सागर तालाब का पानी दूषित होकर जहरीला हो रहा है। जबकि बेनी सागर तालाब में स्थित क्षीरसागर में आधा दर्जन से अधिक मंदिर स्थित है जिनमें दूषित पानी से अभिषेक व पूजा हो रही है। इन मंदिरों में शनि मंदिर, दुर्गा मंदिर, श्री कृष्ण मंदिर, हनुमान मंदिर व शिव मंदिर शामिल हैं। बेनी सागर तालाब की काफी जमीन में अतिक्रमण भी बताया जा रहा है।

**सीमांकन के बाद अतिक्रमण हटाना भूला प्रशासन**

कुछ समय पूर्व न्यायालय के आदेश पर नगर पालिका और राजस्व विभाग की टीम के द्वारा लोकपाल सागर, नृपत सागर, बेनी सागर, धरम सागर, पथरया, मठया, महाराज सागर सहित लगभग सभी तालाबों का सीमांकन कर अतिक्रमण चिह्नित किए गए लेकिन अतिक्रमण हटाने का कार्रवाई नहीं की गई जिससे यह तालाब दिन पे दिन अपना अस्तित्व खोते जा रहे हैं।

# मीटिंग के लिए झिन्ना जा रहे वन कर्मियों को मिला अवैध सागौन का जखीरा

## पन्ना टाइगर रिजर्व के बफर जोन से कटवा कर हो रही सागौन की तस्करी

हरिभूमि न्यूज, पन्ना।




पन्ना टाइगर रिजर्व बफर जोन अंतर्गत झिन्ना के पास अवैध सागौन का जखीरा मिला है। इस मामले को वन कर्मियों के द्वारा दबाने का खूब प्रयास किया गया लेकिन मीडिया को भनक लगने से यह मामला दब नहीं सका। जानकारी के अनुसार रविवार 1 जून 2025 को विशेष मीटिंग के लिए पन्ना टाईगर रिजर्व के समस्त रेंजर झिन्ना बुलाए गए थे, जहां पहुंचने से पहले ही उन्हें सागौन की बुंगियों का ढेर दिखा आस-पास देखने पर और भी कई ढेर नजर आए मामले की सूचना तत्काल डिप्टी डायरेक्टर मोहित सूद, एसडीओ देवेंद्र अहिरवार और पन्ना बफर के प्रभारी रेंजर अमर सिंह को दी गई। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार डिप्टी डायरेक्टर के द्वारा इस मामले को गोपनीय रखने के निर्देश दिए गए। आनन-फानन में 7 सरकारी पिकअप और 2 ट्रैक्टर ट्राली भेज कर सागौन की बुंगियां लोड करवाई गई। 2 ट्रैक्टर ट्राली सागौन रात में काष्ठागार पन्ना भेज दिया गया। लेकिन 7 पिकअप में लोड सागौन की बुंगियां कहां गई इसके बारे में पता नहीं चला। डिप्टी डायरेक्टर द्वारा फोटो नहीं खींचने की चेतावनी देकर मामले को गोपनीय तरीके से निपटाने की पूरी तैयारी कर ली गई थी लेकिन किसी तरह मीडिया को भनक लग गई, जिससे पन्ना टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर एवं कुछ अन्य अधिकारी कर्मचारियों के अरमानों पर पानी गिर गया।

**पीटीआर के बफर जोन में सक्रिय अंतर्राज्यीय सागौन तस्कर**

बताया गया है कि बफर जोन के हरसा, बगौहां, सब्दुआ व टपकनियां बीट में सागौन तस्करों के द्वारा अंधाधुंध कटाई करवा कर जंगल को उजाड़ा जा रहा है। सूत्रों की माने तो यहां डिप्टी डायरेक्टर मोहित सूद और प्रभारी रेंजर अमर सिंह की सांठगांठ से अंतर्राज्यीय सागौन तस्कर सक्रिय हैं जो लगातार सागौन के बेसकीमती हरे भरे पेड़ों का दिनदहाड़े कत्ल कर पिकअप या ट्रैक्टर ट्राली में लोड कर रात के अंधेरे में निकलवा देते हैं। अवैध सागौन की खेप मडला से होकर छतरपुर और अजयगढ़ से होकर बांदा यूपी तक पहुंचने की जानकारी सूत्रों से प्राप्त हुई है। मामला उजागर होने के बाद अब इतने बड़े मामले को छोटा रूप देने का प्रयास किया जा रहा है।

**प्रेस नोट जारी नहीं करने पर खड़े हो रहे सवाल**

बता दें कि छोटे-छोटे से मामलों पर भी प्रेसनोट जारी कर वाहवाही ही लूटने वाले पन्ना टाइगर के अधिकारियों के द्वारा इतनी बड़ी तादात में पकड़ी गई सागौन की लकड़ी के बारे में कोई प्रेस नोट जारी नहीं किया गया और मामले की फोटोग्राफी या वीडियो ग्राफी भी नहीं करवाई गई इसके पीछे क्या मंशा थी या वनकर्मी स्वयं सागौन की कटाई व तस्करी करवा रहे थे जिसकी अन्य रेंजरों के पहुंचने पर पोल खुल गई, अब देखना यह होगा कि वन्य प्राणियों की मौत पर कभी आपसी संघर्ष तो कभी बीमारी की कहानी सुनाने वाले पन्ना टाईगर रिजर्व के अधिकारी इस मामले में कौनसी नई कहानी रचते हैं। सबसे बड़ी बात यह देखी गई कि यह लकड़ी स्थानीय वन कर्मियों को नजर नहीं आई, बल्कि दूसरे रेंज से मीटिंग में शामिल होने पहुंचे वन कर्मियों को दिखी है, जिससे मामला काफी संदिग्ध है।

**इनका कहना है**

सागौन की जो लकड़ी जप्त की गई है वह दो घन मीटर के लगभग है जिसे जप्त कर जांच की जा रही है कि यह कहां से काटी गई और किसके द्वारा काटी गई जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**देवेंद्र अहिरवार**
**एसडीओ पन्ना टाइगर रिजर्व**

इस मामले की मुझे ज्यादा जानकारी नहीं है क्योंकि मैं उस समय मीटिंग में था, वह लकड़ी पड़ी हुई मिली है जो पुरानी सागौन की लकड़ी है जो 2 घन मीटर के लगभग बताई गई है। शायद किसी के द्वारा रास्ते में फेंक दी गई होगी मामले की विवेचना की जा रही है।

**अमर सिंह प्रभारी रेंजर पन्ना बफर पन्ना टाइगर रिजर्व**

# सौंदर्यीकरण एवं निर्माण के बीच फंस रहे अतिक्रमण को नगर निकाय ने हटाया- सीएमओ

**अमानगंज, पन्नाः** अमानगंज मे माँ ज्वाला देवी तलैया के अतिक्रमण को नगर निकाय ने हटाया पुलिस टीम की उपस्थिति में हुई कार्यवाही पन्ना जिले की अमानगंज नगर निकाय ने आज नगर के वार्ड क्रमांक 4 मां ज्वाला देवी तलैया निर्माण विकास



कार्य एवं सौंन्द्रिकरण का निर्माण कार्य आरंभ किया गया है, जो विगत दो माह से चल रहा है पहले नगर निकाय ने यहां सफाई अभियान एवं गहरीकरण कार्य किया। तदुपरांत तलैया निर्माण के अधिकृत क्षेत्र में फस रही अतिक्रमण को लेकर अतिक्रमणकारियों को निर्धारित समय के पहले नोटिस जारी किए और कहा कि समय के पहले आप अपना अतिक्रमण यहां से हटाए क्योंकि यह भू आबादी की जमीन है जिस पर आप लोगों द्वारा अनाधिकृत रूप से कब्जा किया गया है, यदि आपके पास कोई भी कागज



जमीन संबंधी है तो नगर निकाय में जमा करें परंतु इस विषय में अतिक्रमणकारियों द्वारा कोई भी जवाब या कागज की प्रस्तुति आज तक नहीं की गई। अतिक्रमण हटाने के पहले नगर निकाय स्थानिक पुलिस बल से आवश्यक सहयोग लेते हुए शाम 4:00 बजे के आसपास अपनी कार्यवाही आरंभ कर दी। जिसमे तलैया के किनारे फसे अतिक्रमण को आज नगर ने जेसीबी मशीन से हटाया। इस मौके पर नगर निकाय से उनके इंजीनियर, स्वच्छता पर्यवेक्षक के अलावा सफाई कर्मचारी भारी संख्या में स्थानीय जनता मौके पर रही। जब अतिक्रमण को हटाए जाने को लेकर स्थानीय मुख्य नगर पालिका अधिकारी राममिलन तिवारी से चर्चा की गई तो उनका कहना था कि विकास और निर्माण के कार्य में हमें शासन से जो निर्देश मिलेंगे हम उनके आधार पर कार्यवाही करेंगे। इसके पहले हम नोटिस की कार्यवाही कर चुके हैं, यदि अतिक्रमणकारियों द्वारा स्वयं अपना अतिक्रमण हटाते है तो अच्छी बात है अन्यथा हमें खुद हटाना होगा। जहाँ अतिक्रमण हटाया गया है यहां नगर निकाय तलैया की सौन्द्रिकरण हेतु सीसी रोड का निर्माण कार्य करेगी।

## खबर संक्षेप

### खेल विभाग के युवाओं ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

छतरपुर। म.प्र. शासन खेल विभाग कि 'माँ तुझे प्रणाम' योजना अंतर्गत चयनित युवाओं का दल प्रदेश के एतिहासिक स्थानों का भ्रमण करते हुए छतरपुर पहुँचा। इस दौरान स्थानीय ब्रह्माकुमारी विद्यालय द्वारा उक्त युवाओं के लिए विश्व पर्यावरण दिवस अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें ब्रह्माकुमारी बहनों ने लगभग 60 युवा खिलाड़ियों व खेल अधिकारियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए ब्रह्माकुमारी संस्था सतत प्रयासरत है। ब्रह्माकुमारीज़ आर.ई.आर.एफ. के कृषि एवं ग्राम विकास प्रभाग द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर हर वर्ष अनेकों जन जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं, इसी श्रंखला में मंगलवार, 3 जुन को छतरपुर के किशोर सागर स्थित ब्रह्माकुमारीज़ सेवाकेन्द्र पर उज्जैन संभाग के सभी जिलों से युवा खिलाड़ी व खेल अधिकारी पधारे। सर्व प्रथम बीके कमला बहन ने सभी आगंतुकों को यहाँ निर्मित आध्यात्मिक संग्रहालय का अवलोकन कराया तत्पश्चात सेवाकेन्द्र प्रभारी बीके शैलजा बहन ने उक्त दल को संबोधित कर खेल में मन की एकाग्रता बढ़ाने के लिए मेडिटेशन का महत्व बताते हुए संस्थान के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया के संस्थान 20 प्रभागों के माध्यम से समाज के हर वर्ग कि आध्यात्मिक उन्नति के लिए कार्यरत हैं। बीके रीना बहन ने दल को पर्यावरण का महत्व बताते हुए पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रत्येक सदस्य को कम से कम पाँच पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में मंदसौर जिला खेल अधिकारी विजेन्द्र देवड़ा, रतलाम ब्लॉक समन्वयक दुर्गा शंकर गोयल, उज्जैन ब्लॉक समन्वयक नंदकिशोर धाकड़, नीमच ब्लॉक समन्वयक प्रकाश राठौर, मंदसौर ब्लॉक समन्वयक गोपाल धनगर, छतरपुर मलखंभ कोच सुरेश निगम, छतरपुर ब्लॉक समन्वयक धीरज चौबे सहित उज्जैन संभाग के लगभग 60 चयनित युवा सम्मिलित हुए। पूरा दल ब्रह्माकुमारीज़ पावन धाम का भ्रमण कर एक नई ऊर्जा से भर गया व सभी ने ब्रह्माकुमारी परिवार के प्रति आभार प्रकट किया व सभी को आश्रम की ओर से आध्यात्मिक साहित्य भी भेंट किया गया।

### इंतजार करते रहे आधा दर्जन ग्रामों के लोग, ग्रामीणों ने महंत पर लगाए थे आय के दुरूपयोग के आरोप

# नहीं हो सकी करारागंज के गोपाल जी मंदिर की जमीन की नीलामी

छतरपुर। जिले की तहसील नौगांव के अंतर्गत ग्राम पंचायत करारागंज के गोपाल जी मंदिर की करीब 365 बीघा जमीन की नीलामी 4 जून को तहसीलदार के आदेश के अनुसार होनी थी। लेकिन दोपहर तक आधा दर्जन ग्रामों के लोग जमीन की नीलामी का इंतजार करते रहें, लेकिन जमीन की नीलामी नहीं हो सकी। जिन गावों के लोग जमीन की नीलामी का इंतजार करतें रहें। उन गांव में करारा, गंज, छात्रीपहाड़ी सहित अन्य गांव शामिल है। न्यायालय तहसीलदार द्वारा 15 मई 2025 को एक इश्तहार जारी किया गया था कि एसडीएम नौगांव के पत्र के अनुसार गोपाल जी महाराज नारायण मंदिर जो करारागंज का प्राचीन मंदिर है। श्रीगोपाल जी महाराज नारायण मंदिर में कुल जमीन रकबा 53.464 हेक्टेयर मे से रकबा 49.418 हेक्टेयर स्थित मौजा करारा श्रीगोपाल जी महाराज नारायण मंदिर जो कि करारागंज प्रबंधक जिला अध्यक्ष छतरपुर भूस्वामी के नाम राजस्व अभिलेख में अंकित है। इस भूमि की नीलामी एक $कृषि बर्ष 2025-26 के लिए कृषि



कार्य हेतु कराई जानी थी लेकिन नीलामी नहीं हो सकी।

**क्या थी नीलामी की शर्ते -**

तहसीलदार द्वारा जारी किए गए इश्तहार के अनुसार नीलामी एक कृषि बर्ष 25-26 यानी 31 मार्च 2026 तक के लिए की जानी थी नीलामी में सर्वाधिक बोली लगाने बाला ब्यक्ति उक्त कृषि बर्ष में दो फसले खरीफ एवं रबि की फसलें कर सकेगा। नीलामी में कृषि भूमि की न्यूनतम बोली की राशि निर्धारित की जानी थी और बोलीदार को नीलामी के पूर्व 10 प्रतिशत राशि जमा करनी थी। बोलीदार को मंदिर की बकाया राशि का बकायादार नहीं होना चाहिए। और बोली सार्वजनिक रूप से की जाएगी तथा सर्वाधिक बोली लगाने बाले बोलीदारी के नाम नीलामी टूटने पर नीलामी की सम्पूर्ण राशि नीलामी तिथि से 7 दिवस के अंदर जमा करनी है। बोलीदार के द्वारा निर्धारित समय और अवधि पर राशि जमा न करने पर उसकी अमानत राशि राजसात कर ली जाएगी। इस तरह बोली के लिए यह शर्तें निधार्रित की गई थी।

**ग्रामीणों ने जमीन की आय के दुरूपयोग के लगाए थे आरोप -**

नौगांव अनुभाग अंतर्गत ग्राम करारा में गोपालजी मंदिर को रियासत कालीन समय से मंदिर की देखरेख व संचालन के लिए 365 बीघा जमीन लगाई गई थी। ग्रामीणों ने शिकायत कर आरोप लगाए थे कि मंदिर के महंत द्वारा 365 बीघा जमीन की पेदावार से जो आय हो रही है। उसका दुरूपयोग किया जा रहा है। जमीन से होने बाली आए और ब्यय का कोई लेखा जोखा प्रस्तुत किया जा रहा है। यह शिकायतें जब एसडीएम के पास पंहुची, तो एसडीएम ने तहसीलदार को पत्र लिखा। तहसीलदार ने एसडीएम के पत्र के आधार पर ही नीलामी के लिए इश्तहार जारी किया था। लेकिन नीलामी में भाग लेने के लिए आधा दर्जन गांव के लोग पहुंच चुके थे, फिर भी जमीन की नीलामी नहीं हो सकी। जब इस संबंध में नौगांव तहसीलदार से बात करना चाही गई, उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया।

### नशे पर लगाम कसने पुलिस को दिया गया विशेष प्रशिक्षण

# छतरपुर रेंज के जिलों से उप निरीक्षक से लेकर उप पुलिस अधीक्षक स्तर के प्रशिक्षणार्थी हुए सम्मिलित

छतरपुर। स्वापक नियंत्रण ब्यूरो गृह मंत्रालय मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार पुलिस उप महानिरीक्षक छतरपुर ललित शाक्यवार की अध्यक्षता में पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल में स्वापक औषधि एवं मन प्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस एक्ट) के तहत कार्यवाही हेतु रेंज स्तरीय एकदिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन हुआ। प्रशिक्षण में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री विदिता, जिला अभियोजन अधिकारी प्रवेश अहिरवार, स्वापक नियंत्रण ब्यूरो भोपाल से ट्रेनर निरीक्षक विवेकानंद एवं उप निरीक्षक अमन पचौरी, जिला न्यायालय से शासकीय अधिवक्ता अरुण देव खरे एवं आनंद अग्रवाल उपस्थित हुए। छतरपुर रेंज के जिलों छतरपुर, पन्ना, टीकमगढ़, निवाड़ी से उप निरीक्षक से लेकर उप पुलिस अधीक्षक स्तर के 120 से अधिक




प्रशिक्षणार्थी सम्मिलित हुए। डीआईजी छतरपुर रेंज द्वारा उपस्थित अनुसंधान अधिकारियों को नशा मुक्ति अभियान के तहत नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक जागरूकता अभियान हेतु निर्देशित किया गया। नवयुवक नशे से दूर रहें, वाहनों की नियमित चेकिंग करते रहें। अवैध मादक पदार्थ के उत्पादन, संग्रह, विक्रय, तस्करी के विरुद्ध अधिक से अधिक कार्यवाही हेतु निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक छतरपुर द्वारा नशे से होने वाले दुष्प्रभाव बताए गए, प्रावधानों की जानकारी दी गई। स्वापक नियंत्रण ब्यूरो भोपाल से आए प्रशिक्षकों द्वारा अवैध मादक पदार्थों एवं ड्रग्स के प्रकार बताए गए। नारकोटिक, साइकॉट्रॉपिक, सेमी सिंथेटिक जैसे गांजा, अफीम, कोकीन, स्मैक, ब्राउन शुगर इत्यादि नींद, उत्तेजना एवं अलग ही दुनिया में प्रभावी करने वाले मादक पदार्थों के लक्षण, कैसे जांच करें इत्यादि के संबंध में बताया गया। तलाशी एवं अनुसंधान के दौरान कार्यवाही, शीघ्र नष्टीकरण कार्यवाही के संबंध में भी बताया गया। प्रावधानों के अनुच्छेदों के बारे में, केस स्टडी तथा संबंधित विशेष प्रकरण के निर्णय के संबंध में जानकारी देते हुए एनडीपीएस प्रकरणों में आने वाली समस्याओं के निराकरण संबंधी प्रशिक्षण हुआ। प्रशिक्षण उपरांत रेंज स्तरीय एकदिवसीय कार्यक्रम का समापन हुआ।

# जमीन विवाद में पुलिस की मौजूदगी में महिला और वृद्ध सास से मारपीट, एसपी कार्यालय में शिकायत

छतरपुर

लवकुशनगर थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुरा गांव में एक जमीन विवाद ने गंभीर मोड़ ले लिया, आरोप है कि पुलिस की मौजूदगी में महिला और उसकी वृद्ध सास के साथ मारपीट की गई।



जानकारी के अनुसार, मन्नू राजपूत पत्नी चतुर्भुज राजपूत बीती रात अपनी सास सियारानी के साथ खेत पर मौजूद थीं। उसी दौरान गांव के दिनेश मिश्रा वहां पहुंचा, जिससे उक्त जमीन को लेकर पहले से विवाद चल रहा है। मामला न्यायालय में भी विचाराधीन है। पीड़ित परिवार के अनुसार, दिनेश मिश्रा ने खेत खाली करने की धमकी दी, गाली-गलौज की और फिर वहां से चला गया। देर रात वह लवकुशनगर थाने और चौकी अक्टौहां की पुलिस को साथ लेकर दोबारा खेत पर पहुंचा और पुलिस की मौजूदगी में मन्नू राजपूत और उनकी सास सियारानी से मारपीट की गई।

इस घटना के विरोध में पीड़ित परिवार ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर लिखित शिकायत दी और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

# लव जिहाद रोकने के लिए विहिप कार्यकर्ताओं ने होटल संचालकों से किया आग्रह



छतरपुर।

विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के कार्यकर्ता मंगलवार को छतरपुर शहर के विभिन्न होटलों में पहुंचे और होटल संचालकों व मैनेजरों से भेंट कर 'लव जिहाद रोकने के प्रयासों को लेकर चर्चा की। कार्यकर्ताओं ने होटल प्रबंधन से अनुरोध किया कि वे बिना वैध पहचान और रिश्ते के आधार पर लड़का-लड़की को एक साथ कमरा न दें।इस दौरान विहिप के जिला मंत्री रामगोपाल यादव, बजरंग दल संयोजक सूरज बुंदेला, जितेंद्र महाराज सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने होटल संचालकों को एक आग्रह पत्र भी सौंपा, जिसमें आग्रह किया गया है कि सामाजिक समरसता और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिम्मेदारीपूर्वक कमरा उपलब्ध कराएं। कार्यकर्ताओं का कहना था कि कुछ असामाजिक तत्व लव जिहाद जैसे मामलों को अंजाम देने के लिए होटलों का दुरुपयोग कर रहे हैं, जिससे समाज में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो रही है। विहिप व बजरंग दल इसे लेकर निरंतर जागरूकता अभियान चला रहे हैं।

## कचरा प्रथकीकरण हेतु प्रशिक्षण संपन्न



छतरपुर।

कचरा प्रथकीकरण संकल्प जन अभियान 01 जून से 15 जून के अंतर्गत नगर पालिका छतरपुर के सभी सफाई मित्रों, कचरा वाहन चालकों एवं सभी कर्मचारियों को कचरा प्रथकीकरण कार्यशाला का आयोजन प्रताप सागर तालाब किनारे हुआ। जिसमें सभी को कचरा प्रथकीकरण समझाया गया कि कैसे हमे घरों से कचरा लेना है और कैसे नागरिकों को बताना है कि कचरा अलग अलग भागो में करके ही संग्रहण वाहन में देवे।

गीला कचरा हरे रंग के डब्बे में जिसमें बचा हुआ खाना, सब्जियां एवं उनके छिलके, चाय की पत्ती, पेड़ पौधो की पत्तियां आदि, सूखा कचरा नीले रंग के डब्बे में जिसमें प्लास्टिक, पॉलीथिन, पेपर, कांच, कपड़ा एवं धूल मिट्टी आदि एवं सेनेटरी कचरा पीले रंग के डब्बे में जिसमें डायपर, पैड ,मास्क , ग्लब्स दवाइयों के रैपर एवं एक्सपायर मेडिसिन आदि और हानिकारक कचरा काले रंग के डब्बे में जिसमें ब्लेड, निडिल, पैंट के डब्बे, जहरीले पदार्थ वाले रैपर एवं डब्बे एवं इलेक्ट्रिक कचरा अलग-अलग करके डाले। सीएमओ माधुरी शर्मा, पार्षद दिलीप रैकवार, सुनील वर्मा, उपयंत्री नीतेश चौरसिया, अंकित अरजरिया, स्वच्छता निरीक्षक संजेश नायक, समाजसेवी आनंद शर्मा, रामकृपाल गुप्ता, सुधीर अग्रवाल, दिल्लाराम अहिरवार, केएन सोमन, राकेश शर्मा, नाथूराम साहू, सुनील खरे, विपिन अवस्थी, नीलम तिवारी, प्रीति पाण्डेय, शिप्रा तिवारी, मर्जीना बानो, कल्पना भार्गव, अपर्णा मिश्रा, और मंजीत कौर तथा अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाएं और डिस्पोजल प्रतिशत बढ़ाएं: कलेक्टर

# कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को दो टूक शब्दों में कहा 70 प्रतिशत से कम निराकरण स्वीकार नहीं

छतरपुर। कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों की समीक्षा करते हुए नौगांव एवं छतरपुर एसडीएम को 2 वर्ष से अधिक अवधि के लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए और तहसीलदार छतरपुर ग्रामीण (ईशानगर) के प्रकरण अधिक लंबित होने पर नाराजगी व्यक्त की। साथ ही सरबई और जुझारनगर नायब तहसीलदार के अधिक केस लंबित होने एवं सरबई का सीमांकन निराकरण प्रतिशत 17.33 होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए एक वेतन वृद्धि रोके जाने के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा 2 से 5 वर्ष वाले एक भी नहीं रहे। उन्होंने लवकुशनगर एसडीएम को प्रकरणों का निराकरण प्रतिशत बढ़ाने के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने रिकॉर्ड सुधार, बंटवारा, तरमीम और नामांतरण के लंबित अपीलों को प्रमुखता से निराकृत करने और आबादी सर्वे के केस डिस्पोज करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा एसडीएम अपने मुख्यालय पर रहें। कलेक्टर ने दो टूक शब्दों में कहा कि राजस्व अधिकारी प्रकरणों का डिस्पोजल प्रतिशत बढ़ाएं और निराकरण में तेजी लाएं। उन्होंने कहा तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार अंतर्गत 70 प्रतिशत से कम निराकृत प्रतिशत बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं होगा। तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार अंतर्गत न्यायालयवार नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन के 6 माह से लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अगले 10 दिनों में निराकरण के निर्देश कलेक्टर ने बुधवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में सम्पन्न हुई राजस्व प्रकरणों की समीक्षा बैठक में दिए। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर विशा माधवानी सहित अनुभागों के एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।




**एसडीएम छतरपुर को कैम्प लगाकर प्रकरणों के निराकरण के निर्देश**

कलेक्टर श्री जैसवाल ने एसडीएम छतरपुर को कैंप लगाकर सीमांकन के प्रकरणों में गति लाने के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए। साथ ही निर्देशित किया कि पटवारी को सख्ती से इस काम में लगाए जिससे प्रकरणों के निराकरण में गति बढ़ सके। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा सभी तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदार सीमांकन के सभी आवेदन लोक सेवा केंद्र के माध्यम से ही आवेदन लें, कोई भी आवेदन ऑफलाइन स्वीकार नहीं करे। कलेक्टर ने बंटवारा के प्रकरणों की समीक्षा में तहसीलदार गौरिहार के 6 माह से लंबित 3 प्रकरणों में कड़ी नाराजगी व्यक्त की और निर्देशित किया कि प्रकरणों का निराकरण कर प्रगति में सुधार लाएं। इसके अलावा छतरपुर नगर, बक्सवाहा, बिजावर तहसीलदार को भी लंबित प्रकरण शीघ्र निराकरण के लिए कहा।

**नौगांव एवं ईशानगर रीडर को कारण बताओ नोटिस -**

कलेक्टर ने कहा कि अभिलेख दुरुस्ती के सभी केसों को आरसीएमएस पोर्टल पर भी दर्ज करें। उन्होंने कहा एक भी केस ऑफलाइन प्रेषित न किया जाए। कलेक्टर ने नौगांव एवं ईशानगर कोर्ट के रीडर लॉगिन पर केस लंबित होने पर रीडर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने भूमि बंधक के पटवारी एवं तहसीलदार स्तर पर लंबित प्रकरणों को पोर्टल पर दर्ज कराने के निर्देश दिए।

**कलेक्टर ने लोकसेवा गारंटी के तहत प्रकरणों का निराकरण समय सीमा से बाहर होने पर नौगांव, लवकुशनगर तहसीलदार पर तीन-तीन हजार एवं बक्सवाहा पर एक हजार रूपए की पेनाल्टी अधिरोपित करने के निर्देश दिए।**

**स्वामित्व योजना में ग्रामीण आबादी सर्वे कार्य जून माह में पूरा करने के निर्देश**

कलेक्टर साइबर तहसील अंतर्गत प्रकरणों में पटवारियों की लंबित रिपोर्ट को लगवाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वामित्व योजना अंतर्गत ग्रामीण आबादी सर्वे कार्य को जून माह में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने तहसीलदार छतरपुर ग्रामीण को ग्राउंड ट्रूथिंग में कुछ ग्राम लंबित होने होने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही गौरिहार एवं छतरपुर ग्रामीण के संबंधित पटवारियों को तत्काल कलेक्ट्रेट तलब करते हुए एसएलआर की उपस्थिति में यह कार्य कराने के निर्देश दिए। साथ ही प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशन के लिए लंबित ग्रामों का कार्य पूर्ण कराने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने फार्मर आईडी, आधार से खसरा लिंकिंग एवं तर्मीम के कार्य में विशेष कैम्प लगाकर 90 प्रतिशत से अधिक प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने गिरदावरी कार्य को पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

**राजस्व अधिकारी वसूली प्रतिशत बढ़ाएं, संबंधित को नोटिस जारी करें -**

कलेक्टर ने बकाया राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए कहा कि राजस्व अधिकारी वसूली का प्रतिशत बढ़ाए। उन्होंने कहा कि डायवर्सन की बकाया वसूली में सम्बंधित को नोटिस जारी करें और वसूली कराए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले में सागर कबरई हाइवे से जुड़े ठेकेदारों से सर्विस चार्ज भी वसूल करे। कलेक्टर ने केन बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना से संबंधित भू अर्जन विस्थापन पैकेज की राशि के वितरण की समीक्षा करते हुए एसडीएम बिजावर को बकाया लोगों से बैंक खाता एकत्रित कर राशि का भुगतान कराने के निर्देश दिए है।

**एसडीएम एवं तहसीलदार को दस्तावेज स्कैनिंग के लिए भू-अभिलेखों को एक सप्ताह में आंकलन करने के निर्देश**

कलेक्टर ने दस्तावेज स्कैनिंग (डिजिटाइजेशन) के संबंध में एसडीएम एवं तहसीलदार को निर्देश दिए कि रिकॉर्ड का सही तरीके से आंकलन करलें और रिकॉर्ड लॉकेट कर और बिन्दुवार जानकारी का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा यह कार्य अनुमानित तौर पर नहीं चलेगा। इसमें लापरवाही पर एसडीएम एवं तहसीलदार स्वयं जिम्मेदार होंगे। उन्होंने कहा तहसील में एक कोर टीम बनाएं। जो भू अभिलेख से संबंधित दस्तावेज स्कैन कार्य देखेगी। उन्होंने कहा अधिकारियों को जानकारी रहे की उनका रिकॉर्ड कहा रखा है। कलेक्टर ने एक सप्ताह में रिकॉर्ड की जानकारी का पुनः आंकलन करने के निर्देश दिए है। दस्तावेजों में खसरा, जमाबंदी, नामांतरण पंजी, अधिकार अभिलेख, री नंबरिंग सूची, निस्तार पत्रक, वाजिब उल अर्ज, सी 2 रजिस्टर को स्कैन किया जाना है।

**तहसीलदार प्रतिदिन 20 सीएम हेल्पलाईन शिकायतकर्ता से बात कर निराकरण करें**

कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाईन शिकायतों की समीक्षा करते हुए राजस्व अधिकारियों को प्रतिदिन 20 शिकायतकर्ताओं से बात कर संतुष्टि पूर्वक शिकायतों को बंद कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट हिदायत देते हुए कहा कि बी ग्रेड में आने वाले अधिकारियों के विरूद्ध एक वेतन वृद्धि रोकने की कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने तहसीलदार ग्रामीण छतरपुर और लवकुशनगर पर अधिक शिकायतें लंबित होने पर अप्रसन्ता जाहिर की। साथ ही चंदला तहसीलदार की 50 दिवस से अधिक की 98 शिकायतें लंबित होने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

